# अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | देश का पहला Agri-PV प्लांट : कुंदनपुरा (जयपुर) |
| 2. | 24वीं राज्य स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप : जयपुर |
| 3. | प्रदेश में 9 नए न्यायालयों की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी |
| 4. | 'पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग' को झालावाड़ की 9 प्राचीन धरोहरों का हस्तांतरण |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. डॉ. मीनू बेरीवाल : 'डायमंड ऑफ एशिया इंटरनेशनल अवॉर्ड-2026' से सम्मानित<br>2. राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC) की 50वीं बोर्ड बैठक |
| 6. | अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस, 2026 |
| 7. | जॉर्ज कुरियन |
| 8. | "क्लेमिंग द अनक्लेम्ड: अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ आइडल फाइनेंशियल एसेट्स इन इंडिया"पुस्तक |
| 9. | ICC विमेंस T20 रैंकिंग |
| 10. | अंटार्कटिक संधि |
| 11. | नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NAFED) |
| 12. | इथियोपिया चुनाव |

# राजस्थान परिदृश्य

## देश का पहला Agri-PV प्लांट : कुंदनपुरा (जयपुर)

### चर्चा में क्यों?

- जयपुर के कुंदनपुरा गाँव (बस्सी-तूंगा) में देश का पहला Agri-PV प्लांट स्थापित किया गया है।




### मुख्य बिन्दु:

- **सहयोगी संस्थान :** इंडियन काउन्सिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनोमिक रिलेशंस (ICRIER) ने कोटक महिन्द्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से।
- यह प्लांट पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है।

- **एग्री-पीवी :** एग्री-फोटोवोल्टिक्स। इसे एग्रीवोल्टिक्स या एग्रीसोलर भी कहा जाता है।
- यह एक अभिनव, दोहरे उपयोग वाली तकनीक है, जिसमें भूमि के एक ही टुकड़े का उपयोग एक साथ कृषि फसलों की खेती और सौर फोटोवोल्टिक बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है ।
- इसमें सोलर पैनलों को 10 से 12 फीट की ऊंचाई पर लगवाया जाता है ताकि फसलों को आवश्यक धूप एवं रोशनी मिल सके।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (पीएम कुसुम):**

- **शुरुआत :** मार्च, 2019
- **पूरा नाम :** 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान'।
- **नोडल मंत्रालय :** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय।
- **उद्देश्य :** किसानों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा गैर-जीवाश्म आधारित स्रोतों से विद्युत शक्ति की स्थापित क्षमता की हिस्सेदारी को वर्ष 2030 तक 40 प्रतिशत तक बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करना।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# 24वीं राज्य स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप : जयपुर

## चर्चा में क्यों?

- जयपुर स्थित जगतपुरा शूटिंग रेंज में 24वीं राज्य स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** राजस्थान राइफल एसोसिएशन।

**विभिन्न स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेता:**

- **मानिनी कौशिक :** 50 मीटर राइफल प्रोन महिला वर्ग और 50 मीटर थ्री पोजीशन महिला वर्ग में स्वर्ण पदक।
- **प्रवीण चारण :** 50 मीटर राइफल प्रोन पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक।
- **दीपेंद्र सिंह शेखावत :** 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक।
- **ओपन साइट 50 मीटर राइफल प्रोन :** पुरुष वर्ग में योगेश कुमार और महिला वर्ग में शिवांगी कानावत विजेता।
- **10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा :** देवांशी कटारा, देव बलराज चौधरी, अभिमन्यु कुंतल और यशवी चाहर ने स्वर्ण पदक जीते।
- **25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा :** हम्बीर सिंह, पूर्वी प्रताप कछवाहा और खुशवीर सिंह राणावत ने स्वर्ण पदक जीते।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# प्रदेश में 9 नए न्यायालयों की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार ने प्रदेश में आमजन को त्वरित न्याय दिलाने और न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए 9 नए न्यायालयों की स्थापना एवं संचालन को स्वीकृति प्रदान की।

## मुख्य बिन्दु:

- इस संबंध में राजस्थान विधि एवं विधिक मामलों के विभाग द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई।

**स्वीकृत नए न्यायालय:**

- **सुमेरपुर (पाली) :** विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (NI अधिनियम) न्यायालय।
- **करेडा (भीलवाड़ा) :** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद का सृजन।
- **गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) :** सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय।
- **भिनाय (अजमेर) :** सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय का सृजन।
- **बज्जु (बीकानेर) :** सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय का सृजन।
- **पोखरण (जैसलमेर) :** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश न्यायालय का सृजन।
- **रामगढ़ (अलवर) :** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश न्यायालय का सृजन।
- **मनोहरथाना (झालावाड़) :** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश न्यायालय का सृजन।
- **धोरीमन्ना (बालोतरा) :** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश न्यायालय का सृजन।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# ‘पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग’ को झालावाड़ की 9 प्राचीन धरोहरों का हस्तांतरण

## चर्चा में क्यों?

- झालावाड़ जिला प्रशासन ने हाल ही में जिले की 9 प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों के नि:शुल्क पट्टे (स्वामित्व) पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के नाम दर्ज किए। ऐसा करने वाला झालावाड़ राजस्थान का पहला जिला है।

## मुख्य बिन्दु:

- इस निर्णय से इन सभी विरासतों को कानूनी स्वामित्व मिलेगा, जिससे भविष्य में उनके संरक्षण, जीर्णोद्धार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### हस्तांतरित की गई 9 प्राचीन धरोहरें:

1. रोमन एक्वाडक्ट।
2. गंगधार का किला।
3. गंगधार का रानी महल।
4. मिश्रौली स्थित बेसाल्ट की चट्टानें।
5. मनोहरथाना का किला।
6. बेगम का मकबरा (डग)।
7. कोटड़ा मालता के महल।
8. बकानी का किला।
9. रामानन्द जी की छतरी।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **डॉ. मीनू बेरीवाल : 'डायमंड ऑफ एशिया इंटरनेशनल अवॉर्ड-2026' से सम्मानित**<br>■ जयपुर की अधिवक्ता डॉ. मीनू बेरीवाल को देहरादून में 'डायमंड ऑफ एशिया इंटरनेशनल अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया।<br>■ यह सम्मान उन्हें सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तीकरण और काउंसलिंग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।<br>■ प्रदानकर्ता : न्यू थिंक फोरम्स इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड अवॉर्ड्स-2026 |
| 2. | **राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC) की 50वीं बोर्ड बैठक**<br>■ राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC) की 50वीं बोर्ड बैठक में 'राजस्थान कौशल नीति-2025' के तहत 'रिक्रूट-ट्रेन-डिप्लॉय' (RTD) मॉडल को लागू करने की स्वीकृति दी गई।<br>■ इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार युवाओं की सीधी भर्ती करना और उन्हें उद्योग-विशिष्ट (industry-specific) आधुनिक प्रशिक्षण देकर रोजगार सुनिश्चित करना है।<br>■ 9 मार्च, 2025 को राजस्थान मंत्रिमंडल ने राज्य में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान कौशल विकास नीति-2025 को मंजूरी दी।<br>■ इस नीति का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। |

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस, 2026

[स्रोत: DD NEWS, IOC और AIR]

### चर्चा में क्यों?

- प्रतिवर्ष 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया जाता हैं।




### मुख्य बिन्दु:

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति:**

- **स्थापना:** 23 जून, 1894 को पेरिस स्थित सोरबोन विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की स्थापना की गई। इसके दो वर्ष बाद वर्ष 1896 में एथेंस में प्रथम आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन हुआ।
- **शुरुआत:** इसी तिथि की स्मृति में वर्ष 1948 से प्रतिवर्ष 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया जाता हैं।

- **IOC की वर्तमान अध्यक्ष:** किर्स्टी कोवेंट्री
- **वर्ष 2026 की थीम:** "आप यह कर सकते हैं! आइए आगे बढ़ें" (“You Can Do This!”)।
- **प्रतीक:** पाँच छल्ले; ओलंपिक ध्वज पर बने पाँच परस्पर जुड़े रंगीन छल्ले विश्व एकता को प्रदर्शित करते हैं। सफेद पृष्ठभूमि शांति और निष्पक्षता का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि नीला, पीला, काला, हरा और लाल रंग विश्व के विभिन्न महाद्वीपों की विविधताओं का प्रतीक माने जाते हैं।
- ओलंपिक का मूल मंत्र: "सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस - कम्युनिटर" ("Faster, Higher, Stronger - Together")
- **ओलंपिक मशाल :** ओलंपिक मशाल को यूनान के ओलंपिया में सूर्य की किरणों से विशेष परावर्तक दर्पण के माध्यम से प्रज्जवलित किया जाता है। इसमें किसी कृत्रिम अग्नि का प्रयोग नहीं किया जाता। यह प्रक्रिया खेल भावना की शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक है।
- **ओलंपिक आंदोलन के तीन आधार स्तंभ:**
  1. **सर्वोत्कृष्टता:** ओलंपिक दर्शन में उत्कृष्टता का अर्थ केवल स्वर्ण पदक जीतना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है स्वयं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना। यह व्यक्ति को निरंतर आत्म-सुधार की प्रेरणा देता है।
  2. **मित्रता:** ओलंपिक यह सिखाता है कि प्रतिद्वंद्वी शत्रु नहीं होता।
  3. **सम्मान:** सम्मान का अर्थ है नियमों का पालन, प्रतिद्वंद्वी का आदर, स्वयं के प्रति ईमानदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता।
- **महिला सशक्तिकरण:** वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में पहली बार 22 महिलाओं ने भाग लिया।
- **ओलंपिक के समक्ष समकालीन चुनौतियां:** डोपिंग का संकट, अत्यधिक राजनीतिक हस्तक्षेप, युद्ध और सुरक्षा चुनौतियां और मेजबानी का आर्थिक बोझ।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# जॉर्ज कुरियन

[स्रोत: AIR]



## चर्चा में क्यों?

- अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य, पशु पालन तथा डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने केन्द्रीय मंत्री परिषद से इस्तीफा दे दिया है।

# "क्लेमिंग द अनक्लेम्ड: अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ आइडल फाइनेंशियल एसेट्स इन इंडिया"पुस्तक

[स्रोत; PIB]




## मुख्य बिन्दु:

- भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए) ने 22 जून, 2026 को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के समरसता सभागार में "आपकी पूंजी आपका अधिकार - शिक्षण और आगे का मार्ग" विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया।
- इस अवसर पर "क्लेमिंग द अनक्लेम्ड: अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ आइडल फाइनेंशियल एसेट्स इन इंडिया" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# ICC विमेंस T20 रैंकिंग

[स्रोत: DD NEWS]

## चर्चा में क्यों?

- भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने पहली बार ICC विमेंस T20 बॉलिंग रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **बॉलिंग रैंकिंग:**

| रैंक | खिलाड़ी |
|---|---|
| 1st | श्री चरणी (भारत) |
| 2nd | चार्ली डीन |
| 3rd | लिंसी स्मिथ (इंग्लैंड) |
| 4th | सोफी एक्लेस्टोन |

- **श्री चरणी:** इस संस्करण के 3 मुकाबलों में अब तक 10 विकेट हासिल किए हैं। 21 वर्षीय चरणी फिलहाल टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं।
- **बल्लेबाजी रैंकिंग:**
  - ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल ने वर्ल्ड कप की तीन पारियों में 62 रन बनाने के बावजूद नंबर 1 की जगह बनाए रखी तथा ऑस्ट्रेलिया की ही बेथ मूनी दूसरे स्थान पर रही।
  - भारत की शेफाली वर्मा छठे स्थान पर रही वही कप्तान हरमनप्रीत कौर एक स्थान ऊपर चढ़कर टॉप-10 में शामिल हो गई हैं।
- **ऑल-राउंडर्स की रैंकिंग:** हेली मैथ्यूज, न्यूजीलैंड की मेली केर से आगे रहते हुए इस कैटेगरी में टॉप पर बनी रहीं।

# भूगोल एवं भू-विज्ञान

## अंटार्कटिक संधि

[स्रोत: THE HINDU]

### चर्चा में क्यों?

- 23 जून, 2026 को अंटार्कटिक संधि की 65वीं वर्षगांठ मनाई गई।



### मुख्य बिन्दु:

- **लागू:** इस संधि पर 1 दिसंबर, 1959 (अंटार्कटिक दिवस) को वाशिंगटन में हस्ताक्षर किए गए थे और यह आधिकारिक रूप से 23 जून, 1961 को लागू हुई थी।
- **मूल हस्ताक्षरकर्ता:** 12 देश ( यूके, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, फ्रांस, जापान, चिली, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, दक्षिण अफ्रीका, सोवियत संघ, अर्जेंटीना और अमेरिका)।
- **वर्तमान हस्ताक्षरकर्ता:** 58 सदस्य देश
- **प्रमुख प्रावधान:**
  1. **अनुच्छेद-1:** अंटार्कटिका का उपयोग केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।
  2. **अनुच्छेद-2 और 3:** वैज्ञानिक अनुसंधान और सहयोग की स्वतंत्रता रहेगी।
  3. **अनुच्छेद-4:** यह क्षेत्रीय दावों को न तो मान्यता देता है, न ही उन पर विवाद करता है और न ही उन्हें स्थापित करता है।
  4. **अनुच्छेद-5:** यह अंटार्कटिक क्षेत्र में परमाणु विस्फोटों और रेडियोधर्मी कचरे के निपटान पर प्रतिबंध लगाता है।

### अंटार्कटिक संधि में भारत की भूमिका और योगदान:

- **हस्ताक्षर:** भारत ने वर्ष 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए और उसी वर्ष भारत को सलाहकार (मतदान) का दर्जा प्राप्त हुआ।
- **भारत के अनुसंधान केंद्र:**

| अनुसंधान केंद्र | वर्ष | अन्य विवरण |
|---|---|---|
| दक्षिण गंगोत्री | 1983 | भारत का पहला स्थायी स्टेशन (वर्तमान में बंद) |
| मैत्री | 1989 | शिरमाकर ओएसिस में स्थित (वर्तमान में कार्यरत)<br>भारत ने पास ही में एक मीठे पानी की झील भी बनाई, जिसे प्रियदर्शनी झील कहा जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| भारती | 2012 | मैत्री से लगभग 3,000 किमी पूर्व में स्थित, 'भारती' अनुसंधान केंद्र थाला फ्योर्ड और क्विल्टी खाड़ी के बीच स्थित है। |
| मैत्री द्वितीय | 2025 में मंजूरी | मंजूरी: वित्त मंत्रालय ने भारत के चौथे अंटार्कटिक अनुसंधान केंद्र, मैत्री द्वितीय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिसका निर्माण पूर्वी अंटार्कटिका में वर्ष 2032 तक पूरा होने का लक्ष्य है।<br>नोडल एजेंसी: पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन गोवा स्थित राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागरीय अनुसंधान केंद्र।<br>मैत्री द्वितीय को एक बड़े, "हरित अनुसंधान केंद्र" के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो सौर और पवन ऊर्जा पर निर्भर करेगा।<br>यह पुराने मैत्री को प्रतिस्थापित करेगा। |

- **भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022:** इसका उद्देश्य अंटार्कटिक में पर्यावरण और इस पर निर्भर एवं संबद्ध परिवेश के संरक्षण के लिए भारत द्वारा स्वयं से राष्ट्रीय स्तर पर उपाय करना है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

# आर्थिक घटनाक्रम

## नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NAFED)

[स्रोत: PIB]

### चर्चा में क्यों?

- 23 जून, 2026 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नई दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NAFED) के ई-ऑक्शन पोर्टल NAFEX.in का शुभारंभ किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **NAFED ने चार प्रमुख पहलों की शुरुआत की है;**
  1. किसानों के बच्चों के लिए NAFED-KALYAN छात्रवृत्ति।
  2. दलहन एवं तिलहन के इन्वेंटरी मैनेजमेंट के लिए DRISHTI पोर्टल।
  3. एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग को मजबूत करने के लिए ERP पोर्टल।
  4. ऑक्शन पोर्टल NAFEX.in
- NAFED किसानों को सहयोग देने, कृषि विपणन, खरीद और सहकारिता आधारित कृषि व्यापार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## इथियोपिया चुनाव

[स्रोत: PIB और DD NEWS]

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली और उनकी प्रॉस्पेरिटी पार्टी ने देश के संसदीय चुनावों में जीत दर्ज की।






UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

## मुख्य बिन्दु:

- इथियोपिया के नेशनल इलेक्शन बोर्ड (एनईबीई) ने घोषणा की कि सत्तारूढ़ प्रॉस्पेरिटी पार्टी (पीपी) ने देश के सातवें आम चुनाव में जीत हासिल कर ली है।
- आम चुनाव में हाउस ऑफ पीपल्स रिप्रेजेंटेटिव्स की 486 सीटों में से 438 सीटों पर जीत हासिल की।
- इथियोपिया के संविधान के अनुसार, जिस राजनीतिक दल या गठबंधन को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त है, वही सरकार बनाता है और प्रधानमंत्री को नामित करता है।
- भारतीय कंपनियों ने इथियोपिया की अर्थव्यवस्था में पांच अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। यह निवेश खासकर मैन्युफैक्चरिंग और फार्मास्यूटिकल्स जैसे आवश्यक क्षेत्रों में हुआ, जिससे वहां 75,000 से ज्यादा स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है।

UTKARSH CIVIL SERVICES